हरिभूमि

# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 9 मई, 2025

तापमान

अधिकतम 37 .9 डिग्री

न्यूनतम 21.5 डिग्री

11 आशा वर्कर्स ने शहर में किया प्रदर्शन, खूब लगाए नारे



12 शुरू करवाई लिफ्ट, वीसी और रजिस्ट्रार ने दौरा किया



## खबर संक्षेप

### खेड़ी तगा गांव के सरपंच के खाते सील होंगे

**गन्नौर।** उपायुक्त द्वारा खेड़ी तगा गांव के सरपंच को सस्पेंड किए जाने के बाद खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ने ग्राम सचिव को उक्त पंचायत का पूरा रिकार्ड अपने कब्जे में लेने के आदेश दिए है। वहीं पंजाब नेशनल बैंक, एचडीएफसी बैंक, इंडसलैंड बैंक प्रबंधक को भी पत्र भेजकर खेड़ी तगा ग्राम पंचायत के खाते तुरन्त प्रभाव से बंद करने के लिए लिखा है। इसी के साथ ही बहुमत वाले पंच को रिकार्ड देने का भी आदेश दिया है।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

**गन्नौर।** राजलू गढ़ी रेलवे स्टेशन के पास मालगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी चौकी से एसआई भगतराम मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए सोनीपत के सिविल अस्पताल में भिजवा दिया। एसआई भगतराम ने बताया कि मृतक की आयु करीब 25 वर्ष है। शव के पास कोई पहचान पत्र नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मृतक के हाथ पर विकुल व गले पर ओम का टैटू छपा है। शव को अभी सिविल अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है।

### बेगा घाट बोली पिछली बोली से 1 लाख घाटे में

**गन्नौर।** बीडीपीओ कार्यालय में वीरवार को एसडीएम प्रवेश कादियान, डीडीपीओ जितेन्द्र शर्मा व बीडीपीओ पूनम चंदा की देखरेख में वीडियोग्राफी करवाते हुए हुई। जिसमें बड़ौली गांव के टीकाराम ने सबसे ऊंची बोली देकर बेगा घाट का ठेकेदार बना। बोली 8 लाख 25 हजार रूपयें में टीकाराम के नाम छोड़ी गई। यह बोली पिछल्ली बोली की उपेक्षा 1 लाख रूपये के घाटे में छुटी। बीडीपीओ पूनम चंदा ने बताया कि पानीपत जिले में युमना पर पुल बनने के कारण बोली पर असर पड़ा है। सभी अधिकारियों की मौजूदगी में बोली छोड़ी गई है।

### अंबाला में 15 को होने वाला न्याय मार्च स्थगित

**गोहाना।** साझा मोर्चा हरियाणा ने 15 मई को अंबाला में आयोजित होने वाले अपने न्याय मार्च कार्यक्रम को स्थगित कर दिया है। मोर्चा ने यह निर्णय भारत-पाकिस्तान सीमा पर चल रहे तनाव को लेकर बनी आपात स्थिति को देखते हुए लिया है। मोर्चा के वरिष्ठ नेता अशोक खोखर ने बताया कि देश में आपात स्थिति को लेकर सरकार द्वारा कर्मचारियों की छुट्टियां रद की जा रही हैं। इसलिए न्याय मोर्चा कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया गया है।

### चोरी की बाइक के साथ आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** थाना सदर गोहाना की पुलिस टीम ने बाइक चोरी करने की घटना में संलिप्त आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित गांव महमूदपुर निवासी नवीन पुत्र महाबीर है। राजस्थान के जिला पाली निवासी नाथूराम पुत्र कोजाराम गांव गढ़ी में किराये पर रहता है। 21 मई को उसकी बाइक चोरी कर ली गई थी। पीड़ित ने बाइक चोरी की शिकायत सदर थाना गोहाना में दी थी। थाना सदर गोहाना की अनुसन्धान टीम में नियुक्त मुख्य सिपाही बलराम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

### पहलादपुर गांव के खेतों से सोलर मोटरें चोरी

**खरखौदा।** पहलादपुर गांव के खेतों से सोलर मोटरें चोरी हो गई हैं। किसान ने चोरी की शिकायत पुलिस को दी है। किसान रामपत का कहना है कि वह सुबह के समय जब खेतों में पहुंचे तो पाया कि उसके खेतों में लगी सोलर पंप की मोटर चोरी है। वह अपनी मोटर को तलाश कर ही रहा था कि उसे उसके पड़ोसी किसान साथी हंसराज, रामबीर ने बताया कि उनके खेतों से भी सोलर की पंप मोटर चोरी हुई है।

नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग ने जारी किए आदेश, प्रोजेक्ट में लोगों के करोड़ों रुपये फंसे

# कॉलोनी विकसित करने वाली रंगोली कंपनी का लाइसेंस रद, अब 48 एकड़ भूमि डीटीपी के आधीन

- रेवली, गढ़ शहजानपुर गांव की जमीन पर सेक्टर 16 व 17 में 48 एकड़ जमीन पर कॉलोनी बनाने के लिए दिया गया था लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

नगर एवं ग्राम आयोजन विभाग ने वीरवार को एक आदेश जारी करते हुए मैसर्ज रंगोली प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को जारी किया गया रिहायशी कॉलोनी का लाइसेंस रद्द कर दिया है। सोनीपत की इस परियोजना के लाइसेंस को रद्द करना विभाग की एक बड़ी कार्रवाई है। क्योंकि इस प्रोजेक्ट को लेकर कई बार शिकायतें की जा चुकी थी, वहीं पिछले दिनों ही इस मामले में कष्ट निवारण समिति की बैठक में मिले निर्देशों के तहत कंपनी पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इस मामले में सैंकड़ों लोगों के करोड़ों रुपये फंसे हुए थे। विभाग स्तर पर अब इस कार्रवाई को करते इस प्रोजेक्ट को अपने अंडर ले लिया है। जिसके तहत सभी हितधारकों से दस्तावेज मांगे गए हैं, ताकि इस प्रोजेक्ट पर काम करते हुए सही हित धारकों को उनका हक मिल पाए। बता दें कि रेवली, गढ़ शहजानपुर गांव की जमीन पर बने सेक्टर 16 व 17 में 48 एकड़ क्षेत्र में कॉलोनी विकसित करने के लिये मैसर्ज रंगोली प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को लाइसेंस जारी किया गया था। जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि मैसर्ज रंगोली प्रोजेक्ट प्रा. लि. ने विभागीय निर्देशों का पालन नहीं किया, जिसके चलते हरियाणा विकास एवं शहरी क्षेत्र विनियम नियम 1976 के नियम 18 के तहत लाइसेंस को रद्द किया गया है। अब यह परियोजना विभाग ने अपने नियंत्रण में ले ली है और इसके अंतर्गत सभी आवंटियों व स्टैक होल्डर्स के हितों का मूल्यांकन शासकीय स्तर पर किया जाएगा।

## एक माह में जमा करवाने होंगे दस्तावेज



**ये दस्तावेज जरूरी**

- खरीदार और विक्रेता के बीच हुआ एग्रीमेंट
- बिक्री से जुड़े दस्तावेज
- कंपनी को किए गए भुगतान के प्रमाण

## निवेशकों और आवंटियों को राहत की तैयारी

अब इस परियोजना से जुड़े सभी स्टैक होल्डर्स, जिनमें फ्लैट खरीदार, निवेशक व अन्य हितधारक शामिल हैं, से विभाग ने एक महीने के भीतर अपने दावों से संबंधित दस्तावेज जमा कराने को कहा है। ये दस्तावेज एचएसवीपी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-15 की पहली मंजिल पर स्थित जिला नगर योजनाकार कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर दस्तावेज न देने की स्थिति में संबंधित दावे पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, विभाग का उद्देश्य निवेशकों और आवंटियों को पारदर्शी व न्यायसंगत प्रक्रिया के तहत राहत देना है।

## शिकायतकर्ता की सुनवाई नहीं होने पर दर्ज हुआ था मुकदमा

जुलाई, 2024 में तत्कालीन बिजली मंत्री रणजीत चौटाला के सामने रंगोली बिल्डर के खिलाफ शिकायत आई थी। पानीपत के सेक्टर-11 निवासी राजीव जैन ने जिला परिवाद एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक में बताया था कि उन्होंने मई, 2005 में रंगोली बिल्डर कंपनी से दो प्लॉट बुक कराए थे। जिसमें 350-350 वर्ग गज के रिहायशी प्लॉट थे। जिसमें एक प्लॉट उनके नाम था और दूसरा अपनी मां के नाम पर बुक किया था। कुल 15,75,000 रुपये जमा करवाए थे। बुकिंग किए गए रिहायशी प्लॉट उन्हें नहीं मिल सके। कंपनी के निदेशक से पत्राचार किया था तो उन्हें बताया था कि कुछ बाधाओं और परिस्थितियों के कारण हम अभी आवासीय प्लॉट देने की स्थिति में नहीं है, लेकिन चार माह की अवधि में सभी बाधा दूर हो जाएगी। जिससे बाद आवासीय प्लॉट आवंटित कर देंगे। कोई सुनवाई नहीं होने पर मुकदमा दर्ज कराया था।

### गुरुग्राम में भी आया था ऐसा मामला

यह मामला उन कई रियल एस्टेट परियोजनाओं में से एक है, जहां नियामक नियमों के उल्लंघन के कारण परियोजनाएं ठप हो गई हैं। उदाहरण के लिए, गुरुग्राम में माहिरा होम्स के सेक्टर-68, 63ए, 95, 103, और 104 के रेरा पंजीकरण मार्च 2024 में रद्द कर दिए गए थे। इसके परिणामस्वरूप हजारों खरीदारों को अपने घरों के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा है। हालांकि सोनीपत जिले में यह पहला मामला है।

# दुभेटा गांव के सरपंच पर दो बदमाशों ने की फायरिंग

- मुश्किल से बचे सरपंच विकास, बाइक पर आए थे हमलावर, नहर के पास हमला
- आसपास के सीसीटीवी खंगालने में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दुभेटा गांव के सरपंच विकास पर बुधवार शाम को जानलेवा हमला हुआ। बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने सरपंच विकास की स्विफ्ट कार पर फायरिंग की। हमले में सरपंच विकास बाल-बाल बच गए। घटना के बाद हमलावर फरार हो गए।

जानकारी के अनुसार, सरपंच विकास अपनी स्विफ्ट कार से गांव से सोनीपत स्थित अपने आवास की ओर जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार कैलाना गांव की नहर के पास पहुंची, तभी बाइक सवार दो बदमाशों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी। कार पर गोलियों के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना गन्नौर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और सबूत जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। घटना के दौरान सरपंच विकास पूरी तरह सुरक्षित बच गए। थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात हमलावरों की तलाश शुरू कर दी है और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। सरपंच विकास से भी घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

# अवैध रूप से गर्भपात किट बेचने का आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** थाना सैक्टर-27 की पुलिस ने अवैध रूप से गर्भपात किट बेचने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सोनू निवासी भिगान का है। गिरफ्तार आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गत 7 मई पीएनडीटी के नोडल अधिकारी ने डा. सुमित कौशिक ने थाना सैक्टर-27 में शिकायत दी कि देवडू रोड पर मेसर्स त्यागी मेडिकल एजेंसी द्वारा बिना डाक्टर की पर्ची के मेडिकल टर्मिनेशन आफ प्रेग्नेंसी किट की बिक्री अवैध रूप से की जा रही है। पुलिस ने स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ आरोपित को एमटीपी किट बेचते हुए काबू किया था। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को अदालत में पेश किया।

# स्वास्थ्य विभाग के निदेशक ने अस्पताल का निरीक्षण किया, मरीज बोले- सुविधाएं बढ़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

स्वास्थ्य निदेशक जितेंद्र कुमार ने वीरवार को गन्नौर उपमंडल अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निदेशक जितेंद्र कुमार ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का गहन मूल्यांकन किया और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. टीना आनंद व डा. संजय कौशिक के साथ ही स्टाफ से भी बातचीत की। उन्होंने अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं, आपरेशन थिएटर, ड्रेसिंग सुविधा, फार्मेसी, लेबोरेटरी और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी बारीकी से जांच की। इसके साथ ही मातृत्व स्वास्थ्य सेवाओं, नवजात शिशु जांच सुविधा और टीकाकरण सेवाओं की स्थिति को परखा। उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध दवाओं, उपकरणों और चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निदेशक ने मरीजों से फीडबैक ली।

मरीजों ने बताया कि उन्हें समय पर दवाइयां और इलाज मिल रहा है, जबकि कुछ ने स्टाफ की संख्या बढ़ाने और सुविधाओं के विस्तार की जरूरत पर जोर दिया। निदेशक जितेंद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल में लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि सरकार जल्द ही आवश्यक सुधारों के लिए उचित कदम उठाएगी।



**गन्नौर।** स्वास्थ्य निदेशक जितेंद्र कुमार एसएमओ डा. टीना आनंद व डा. संजय कौशिक से जानकारी लेते हुए।

### राजकीय प्राथमिक स्कूल से सामान ले गए चोर

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र के मोहन नगर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला से हजारों रुपये कीमत का सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले की शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। स्कूल की हेडमास्टर कविता ने बताया कि गत पांच मई को स्कूल से किसी ने पानी की मोटर, डस्टबीर व तार पाइप चोरी कर लिए। अपने स्तर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कमलदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे है।

# झगड़े की सूचना पर उदेशीपुर पहुंची डायल 112 की टीम पर हमला, आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

गांव उदेशीपुर में एक व्यक्ति द्वारा डायल 112 पुलिस टीम पर हमला करने व उनकी सरकारी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। जानकारी अनुसार गत 7 मई की रात करीब 12 बजे डायल 112 पर तैनात इंचार्ज ईएसआई दीपक और सिपाही राकेश को फोन पर एक शिकायत मिली। शिकायतकर्ता ने बताया कि उदेशीपुर गांव में उसकी बेटी मोनिका के साथ उसका पति मारपीट कर रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, जहां एक व्यक्ति छत से गालियां दे रहा था। पुलिस को देखकर वह तैश में आ गया और कहा कि पुलिस को किसने बुलाया और धमकी दी कि वह पुलिसकर्मियों को जान से मार देगा। इसके बाद आरोपित ने पुलिस टीम पर ईंटों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पुलिसकर्मी नीचे झुककर अपनी जान बचाने में कामयाब रहे। हमले में उनकी सरकारी गाड़ी काफी क्षति पहुंची। गाड़ी का आगे का शीशा, कैमरा, छत पर लगी लाइट और पीछे देखने वाला शीशा टूट गया। घटना के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। आरोपित की पहचान कंवर उर्फ पोला के रूप में हुई। इस पर थाना गन्नौर पुलिस ने कंवर उर्फ पोला के खिलाफ जानलेवा हमला और सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में केस दर्ज कर लिया।

### ईंट बरसाई, गाड़ी के शीशे भी टूटे




गन्नौर थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि ईंट बरसाई जिस कारण गाड़ी के शीशे टूट गए। जांच अधिकारी उप निरीक्षक सियाराम त्यागी ने अपनी पुलिस टीम के साथ कार्रवाई करते हुए आरोपित कंवर उर्फ पोला को देर रात गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश कर आदेशानुसार जेल भेज दिया गया है।

अंतिम चरण में पहुंची कागजी कार्यवाही, मिलेगी सुविधा

# रोडवेज बेड़े में शामिल होगी पांच नई लॉरी

- यात्रियों को राहत, बसों में भीड़ से मिलेगी निजात
- एक सप्ताह के अंदर ही बसें सफर के लिए सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| सोनीपत

रोडवेज विभाग की तरफ से सोनीपत डिपो में अप्रैल माह के अंतिम दिनों में भेजी की रोडवेज की पांच लॉरी जल्द से जल्द बेड़े में शामिल होगी। विभाग की तरफ से कागजी प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया है। पासिंग की प्रक्रिया अभी बाकी है। आगामी एक सप्ताह के अंदर ही बसें लोगों के सफर के लिए सड़कों पर दौड़ती नजर आएंगी। नई बसों को लंबे रूटों पर चलाने का फैसला विभाग की तरफ से किया गया है। ताकि लंबा सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

बता दें कि जिला सोनीपत की नजदीकी देश की राजधानी से है। सोनीपत बस डिपो में मौजूदा समय में 124 बसें सड़कों पर यात्रियों की सुविधा के लिए चलाई जा रही हैं। वहीं पांच नई बसें शामिल होने के बाद सोनीपत बस डिपो में बसों की संख्या बढक़र 129 हो जाएंगी। ऐसे में कई महत्वपूर्ण रूटों पर यात्रियों को नई बसों की सुविधा उपलब्ध हो सकती है। जिसके अंतर्गत सोनीपत से बागपत, सोनीपत से दिल्ली, सोनीपत से कटरा, सोनीपत से शिमला आदि प्रमुख रूट शामिल हो सकते हैं। मौजूदा समय में सबसे अधिक दिक्कत यात्रियों को सोनीपत से दिल्ली और सोनीपत से बागपत जैसे रूटों पर झेलनी पड़ रहा है। जहां यात्रियों को घंटों तक बसों का इंतजार करना पड़ता है।




### यात्रियों की संख्या बढ़ रही



सोनीपत बस अड्डे पर पहुंचने वाले यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। ऐसे में बसों की संख्या बढ़ाने के लिए मुख्यालय से पांच नई बसें बस डिपो में शामिल की गई थी। उक्त बसों की इंश्योरेंस सहित कई प्रकार की कागजी कार्यवाही पूरी हो गई है। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि अगले कुछ दिनों में उक्त बसों को सड़कों पर यात्रियों की सुविधा के लिए चलाना शुरू कर दिया जाएगा। जिससे उम्मीद है कि यात्रियों के लिए मददगार साबित होगी।

### पासिंग होनी है

बेड़े में पांच नई बसें विभाग की तरफ से भेजी गई है। जिन्हें सड़क पर उतारने की कागजी प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। बसों की सिर्फ पासिंग शेष बची हुई है। जल्द ही पासिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उक्त बसों को यात्रियों के लिए सड़कों पर उतार दिया जाएगा। उसके बाद बसों को आमजन के लिए सड़कों पर उतार दिया जाएगा।

*- सुरेन्द्र, एसएस, सोनीपत बस डिपो।*

### पंचायतों को निर्देश, गांवो में सार्वजनिक भवनों पर सायरन लगवाएं

**गन्नौर।** विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा ने राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में सायरन लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश सिविल डिफेंस अभ्यास के दौरान ग्राम पंचायतों की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए दिया गया है। विकास एवं पंचायत विभाग के आयुक्त और सचिव द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, सभी ग्राम पंचायतों को केंद्र में स्थित सार्वजनिक भवन पर ऐसा सायरन लगाना होगा, जो पूरे ग्राम सभा क्षेत्र को कवर कर सके। जानकारी देते हुए बीडीपीओ पूनम चंदा ने बताया कि सायरन लगाने के लिए सभी पंचायतों को निर्देशित कर दिया गया है। सायरन स्थानीय बाजार या जीईएम पोर्टल से खरीदा जा सकता है। ग्राम पंचायतों को सायरन के लिए विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था और संचालक नियुक्त करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो सायरन की स्थापना की निगरानी करेंगे। सायरन लगाने का खर्च ग्राम निधि से वहन किया जाएगा। जिस पंचायत के पास पर्याप्त धनराशि नहीं है, तो संबंधित बीडीपीओ अन्य ग्राम पंचायत या पंचायत समिति निधि से व्यवस्था करवाई जाएगी।

# आंधी से खरखौदा में वृक्षों को नुकसान, सोलर प्लेट भी टूटी



**खरखौदा।** आंधी में क्षतिग्रस्त सोलर प्लेटें।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

तेज आंधी और तूफान ने बुधवार शाम को भारी तबाही मचाई। करीब 50 पेड़ गिर गए। इनमें से ज्यादातर खेतों में लगे थे। कुछ पेड़ सड़क किनारे खड़े थे, जो टूटकर सड़क पर गिर गए। वन विभाग की टीम ने पेड़ों को हटाकर रास्ता साफ किया। इस तूफान में एक व्यक्ति की मौत हो गई। संदीप पाई गांव का रहने वाला था। उस पर पेड़ की टहनी गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पहलादपुर गांव में सोलर पंप पर लगी प्लेटें भी तेज हवा में उड़ गईं। कुछ प्लेटें टूटकर खेत में बिखर गईं। किसान नरेश और अशोक दहिया ने बताया कि उन्होंने दो साल पहले एक - एक लाख रुपये खर्च कर सोलर प्लेटें लगवाई थीं। अब तूफान में प्लेटें टूट गईं। कुछ गायब भी हो गईं।

उन्होंने टूटी प्लेटें इकट्ठा की और इसकी शिकायत अतिरिक्त जिला उपायुक्त से की है। किसानों का कहना है कि सोलर प्लेटें ठीक कराई जाएं, ताकि वे फसल की सिंचाई कर सकें। किसानों ने बताया कि गांव में करीब 40 पेड़ टूटे हैं। इनमें कई पेड़ 20 से 25 साल पुराने थे। तूफान से खेतों और सिंचाई व्यवस्था को नुकसान हुआ है।



टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट्स

# सबसे प्यारी-सबसे न्यारी मेरी मां



हर बच्चे को अपनी मां बहुत प्यारी होती है। बच्चे उनकी कुछ खास खूबियों की वजह से उन्हें दुनिया की बेस्ट मम्मी मानते हैं। बता रहे हैं कुछ टीवी चाइल्ड आर्टिस्ट, अपनी मम्मी की ये खूबियां। साथ में यह भी बता रहे हैं कि इस बार मदर्स-डे पर उनकी क्या प्लानिंग है? वे अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेंगे?

## मां मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं: आन तिवारी



**सोनी सब** चैनल पर हाल ही में शुरू हुए पौराणिक धारावाहिक 'वीर हनुमान' में आन तिवारी बाल हनुमान की भूमिका निभा रहा है। अपनी भूमिका से उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर लिया है। आन से यह पूछने पर कि उसकी मां की क्या विशेषता है, वह बताता है, 'मेरी मां में बहुत सारी विशेषताएं हैं, लेकिन सबसे बड़ी विशेषता की बात करूं तो वह है, उनका जबरदस्त आत्मविश्वास, कभी हार न मानना।' इस बार मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में आन बताता है, 'मेरी मां को गाने सुनना पसंद है और मुझे सिंगिंग। इसलिए मैं मम्मी के लिए एक गाने का रियाज कर रहा हूं, जो मदर्स-डे वाले दिन उन्हें गाकर सुनाऊंगा। जिसे सुनकर मम्मी बहुत खुश होंगी।' इस स्पेशल डे पर आन अपनी मां को क्या खास मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'मैं अपने परिवार से दूर रहकर अपनी मां के साथ 'वीर हनुमान' की शूटिंग कर रहा हूं। मां के साथ बिताए हर पल बहुत खास हैं। उनके साथ होने की वजह से ही मैं हर काम आसानी से कर पाता हूं। मैं अपनी मां से यही कहूंगा-आप मेरी सबसे अच्छी गुरु हैं।' *

## वह हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं: जारा वारसी



**एंड टीवी** के शो 'हप्पू की उलटन पलटन' में जारा वारसी हप्पू सिंह की छोटी बेटी चमची का रोल निभा रही है। उसने दर्शकों का दिल जीत रखा है। मदर्स-डे के अवसर पर यह पूछने पर कि वह अपनी मम्मी में क्या-क्या खूबियां देखती है? जारा बताती है, 'मेरी मम्मी की खास बात यह है कि वह अपने लिए नहीं, हमेशा दूसरों के लिए सोचती हैं। फैमिली में हर किसी का ख्याल रखती हैं। मेरी मम्मी मेरी बेस्ट फ्रेंड, टीचर और सुपर वूमेन हैं। यही वजह है कि मैं उन्हें वर्ल्ड की बेस्ट मॉम मानती हूं।' जारा मदर्स-डे सेलिब्रेशन की प्लानिंग के बारे में बताती है, 'मैंने अपने बचपन की फोटोज सेलेक्ट कर छोटा-सा वीडियो बनाया है। साथ ही मैं उनके लिए खुद से ग्रीटिंग कार्ड बना रही हूं।' मदर्स-डे के मौके पर जारा अपनी मम्मी के लिए क्या कोई खास मैसेज देना चाहेगी, पूछने पर बताती है, 'इस मदर्स-डे पर मैं उनसे यही कहना चाहती हूं, मम्मी, आप मेरी सबसे बड़ी आइडियल हैं। मैं चाहती हूं कि जब मैं बड़ी हो जाऊं तो आप मुझ पर गर्व करें। लव यू मम्मा।' *

## मेरी दिली ख्वाहिश है, मम्मी को प्राउड फील कराऊं : वृही कोडवारा



**सोनी सब** के शो 'पुष्पा इंपॉसिबल' में वृही कोडवारा, स्वरा का रोल प्ले कर रही है। दर्शक उसके अभिनय से बहुत प्रभावित हैं। अपनी मम्मी की कोई ऐसी खास बात, जो वृही को सबसे ज्यादा अच्छी लगती है, पूछने पर वह बताती है, 'मेरी मम्मी हमेशा मेरी हर छोटी-बड़ी बात ध्यान से सुनती हैं, कभी गुस्सा नहीं करतीं। उनकी प्यारी स्माइल मेरा हर दिन हैप्पी बना देती हैं। मेरी मम्मी वर्ल्ड की बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे पर वृही उन्हें कैसे सरप्राइज करेगी? वह बताती है, 'इस दिन मैं मम्मी के लिए एक प्यारा-सा कार्ड बनाऊंगी, उसमें खुद अपने हाथों से मैसेज लिखूंगी। मैं पूरे दिन मम्मी को रेस्ट दूंगी, कोई शरारत नहीं करूंगी।' मदर्स-डे पर वृही अपनी मम्मी को मैसेज देना चाहती है, 'मैं बड़ी होकर मम्मी का हर सपना पूरा करना चाहती हूं। मैं उन्हें प्राउड फील कराऊं, यह मेरी दिली ख्वाहिश है। लव यू मम्मा।' *

## उन्हें वह खुशी दूंगा, जिसकी वे हकदार हैं: अहनफ खत्री



**अहनफ खत्री** जी टीवी के पॉपुलर शो 'कुमकुम भाग्य' में कीर्तन का किरदार निभा रहा है। अपनी मम्मी की खूबियां पूछने पर वह बताता है, 'मेरी मम्मी बहुत अच्छा खाना बनाती हैं। मेरे साथ टाइम स्पेंड करती हैं, जिससे मुझे बहुत अच्छा लगता है। मेरी मम्मी बेस्ट मॉम हैं।' मदर्स-डे को अहनफ किस तरह खास बनाएगा, वह बताता है, 'मैं मम्मी के लिए एक स्पेशल लेटर अपने हाथों से लिखूंगा और उन्हें दूंगा, साथ ही एक ड्रॉइंग भी बनाकर दूंगा। मैं खुद उनका फेवरेट केक बनाऊंगा, क्योंकि उस दिन उनका बर्थ-डे भी है। मम्मी गिफ्ट पाकर बहुत खुश हो जाती हैं, इसलिए मैं उन्हें एक सुंदर-सा गिफ्ट भी दूंगा।' मदर्स-डे पर अहनफ अपनी मम्मी को क्या स्पेशल मैसेज देना चाहेगा, वह बताता है, 'इस दिन मम्मी को यह कहना चाहूंगा कि मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। मम्मी मेरी बहुत केयर करती हैं, स्टडीज में बहुत हेल्प करती हैं। जब मैं बड़ा हो जाऊंगा तो मम्मी को वो सारी खुशी दूंगा, जिसकी वह हकदार हैं। आई लव माय मॉम।' *

**प्रस्तुतिः बालभूमि फीचर्स**

फीलिंग्स / डॉ. मोनिका शर्मा

# अपनी लविंग मॉम को ऐसे कराओ हैप्पी फील



बच्चो, मम्मा हर पल तुम्हारे लिए कितना कुछ करती हैं, है ना! तुम पर अपना खूब सारा प्यार-दुलार बरसाती हैं। तुम्हारी पसंद का टेस्टी खाना बनाती हैं। जब कभी तुम रूठ जाते हो तो तुम्हें प्यार से मनाती हैं। तुम जब बीमार हो जाते हो या तुमको चोट लग जाती है तो रात-रात भर जागती हैं। पढ़ाई में हेल्प करती हैं, तुम्हारे संग खेलती हैं। तुम्हारी बातें पूरे ध्यान से सुनती हैं और मजेदार बातों पर तुम्हारे संग खूब हंसती-खिलखिलाती हैं। जिस तरह तुम्हें अपनी मम्मा से ढेर सारा प्यार, सपोर्ट पाकर अच्छा लगता है, वैसे ही मम्मा भी चाहती हैं कि तुम उनसे खूब सारा प्यार करो, उनकी केयर करो और जरूरत पड़ने पर उनकी हेल्प भी करो। तुमको ऐसा जरूर करना चाहिए। तुम उनको किस-किस तरह से हैप्पी फील करवा सकते हो, यहां बता रहे हैं।

**कहो थैंक यू:** जरा सोचो, मां तुम्हारी पसंद-नापसंद का कितना खयाल रखती हैं। तुमसे पूछकर ब्रेकफास्ट, लंच और डिनर बनाती हैं। जब वो तुम्हारे लिए फेवरेट डिश बनाएं, तो उनसे जरूर कहो, 'सुनो मेरी प्यारी मां, आज लंच/डिनर बहुत टेस्टी है। थैंक यू!' इसी तरह स्टडी में जब भी मॉम तुम्हारी हेल्प करें तो उनको थैंक यू जरूर कहो, इससे उनको बहुत अच्छा लगेगा।



**मम्मी की पसंद का खयाल:** मूवी देखने जाते समय या रेस्टोरेंट में खाना खाते समय क्या तुम मम्मी से उनकी पसंद के बारे में पूछते हो? घर-बाहर कहीं कुछ खाने-पीने से पहले मम्मा को भी प्यार से उनकी पसंद जरूर पूछो। इससे उनको अच्छा फील होगा।

**साथ में बातें करो, हंसो-मुस्कुराओ:** जब भी मां फ्री हों, उनसे खूब बातें करो। उनको अपनी हॉबीज, अपने स्कूल रूटीन के बारे में, अपने फ्रेंड्स के बारे में बताओ, हंसो-मुस्कुराओ। यही सब बातें मां को सुकून देती हैं, उन्हें खुश रखती हैं। मां को खुश रखना, उनकी केयर करने का सुंदर तरीका है। जब कभी किसी बात पर वे उदास हों तो उनसे लिपटकर कहो, 'मुस्कुरा दो ना मम्मा!' तुम्हारे ऐसे कहते ही उनका मूड हैप्पी हो जाएगा।

**करो मां की हेल्प:** मां किसी काम में मदद करने के लिए कम ही कहती हैं। लेकिन तुम खुद आगे बढ़कर छोटे-छोटे कामों को करने में मां की मदद करो। तुम अपनी बुक्स और दूसरी चीजों को अरेंज करके या अपने छोटे-मोटे काम खुद करके भी अपनी प्यारी मम्मा की हेल्प कर सकते हो।

**केयरिंग मॉम की केयर:** तुम्हारी केयर करने में मम्मा कोई कमी नहीं छोड़ती हैं। जितना पॉसिबल हो तुम्हें भी उनकी केयर करनी चाहिए। मां घर के सारे काम समय से करने की भाग-दौड़ में लगी रहती हैं। इसीलिए जब कभी भी मां आराम कर रही हो तो उनको डिस्टर्ब ना करना भी एक तरह से उनकी केयर करना ही है। अगर तुम्हारी मॉम वर्किंग हैं, तो ऑफिस से लौटने पर मम्मा को पानी लाकर दो। उन्हें काम से ब्रेक लेकर टाइम पर खाना खाने और आराम करने के लिए कहो। अगर कभी उनका सिर दर्द हो तो उनके माथे पर बाम लगा दो। मां से कहो कि तुम्हें भी उनकी परवाह है। प्यार भरी तुम्हारी ऐसी बातों और बर्ताव से ही मां का मन खुश हो जाएगा। *

तुम्हारे लिए नई किताब / चंद्रप्रकाश

# सीख देती कहानियां

एक नया कहानी-संग्रह 'मोती की नाराजगी' कुछ समय पहले छपकर आया है। यों इस किताब की लगभग सभी कहानियां, जानवरों की हैं या उनके इर्द-गिर्द की बातों को लेकर। पर इसकी एक कहानी में एक बच्चे का अपने पिता के साथ मेले जाने का किस्सा भी है। किताब के शीर्षक वाली कहानी में मोती कुत्ता अपनी मालकिन से एक गौरैया के कारण नाराज हो जाता है। लेकिन फिर भी गौरैया के बच्चों पर मुसीबत आने पर वह तुरंत उनकी मदद करने आ जाता है। जानवर हमारे किस तरह मददगार होते हैं, यह 'दोस्तों ने जान बचाई' कहानी में पढ़ा जा सकता है। 'गलती की सजा' अपने बड़ों की बात न मानने के परिणाम को दिखाता किस्सा है। इसी तरह 'दावत महंगी पड़ी' एक शैतान कौवे की कहानी है और 'बात समझ में आ गई' शरीर की बनावट के महत्व को बताती है। *



**किताबः** मोती की नाराजगी, **लेखकः** पवन कुमार वर्मा, **चित्रः** दिलीप कुमार, **मूल्यः** 200 रुपए, **प्रकाशकः** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## हंसगुल्ले



**चिंकी :** तुम आंखें बंद करके चॉकलेट क्यों खा रही हो?

**मिंकी :** क्योंकि कल मम्मी ने मुझसे कहा था कि चॉकलेट की तरफ देखना भी मत!

**-हर्षित, रायपुर**

**पप्पू :** अगर काली बिल्ली तुम्हारा रास्ता काट दे, तो इसका क्या मतलब है?

**गप्पू :** इसका मतलब है कि काली बिल्ली मुझसे ज्यादा जल्दी में है।

**-काव्या, बिलासपुर**

**टीचर :** अच्छा बताओ, समांतर रेखाएं (पैरेलल लाइंस) एक-दूसरे को क्यों नहीं काटती हैं?

**रोहन :** सर, क्योंकि उनके दांत नहीं होते हैं।

**-आर्यन, रोहतक**

## जीके क्विज-153

1. रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित इंटरनेशनल एयरपोर्ट का क्या नाम है?
2. मध्यप्रदेश के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
3. एयर मार्शल नर्मदेश्वर तिवारी को किस पद पर नियुक्त किया गया है?
4. इंटरनेशनल फैमिली डे कब मनाया जाता है?
5. भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों की संख्या कितनी है?
6. 1857 की क्रांति के दौरान झांसी में क्रांतिकारियों का नेतृत्व किसने किया था?
7. कौन-सा ग्रह सूर्य के सबसे नजदीक परिक्रमा करता है?
8. विश्वप्रसिद्ध पेंटिंग 'मोनालिसा' किसकी कृति है?
9. किस गैस को 'लाफिंग गैस' के नाम से भी जाना जाता है?
10. भारत का सबसे बड़ा रेगिस्तान थार, किस राज्य में स्थित है?



**बच्चों, जीके क्विज-153 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-152 का उत्तर :** 1.भूषण रामकृष्ण गवई, 2.झारखंड, 3.धर्मेंद्र प्रधान, 4.भारत और चीन, 5.बिहार, 6.बिहार, 7.स्विट्जरलैंड, 8.डॉ. मदन कटारिया, 9.गुरु नानक देव, 10.भुवनेश्वर

**जीके क्विज-152 का सही उत्तर देने वाले:** सौरभ-बिलासपुर, लाभांश-दुर्ग, नीटू-कोरबा, रमेश-कोरबा, एकता-ईमेल से, कबीर-हिसार, तृप्ति-रायपुर, आदर्श-कोरबा, संगम-रायपुर, दिवाकर-भोपाल, जतिन-रोहतक, कविश-रायगढ़, रतन-दुर्ग, अर्पित-बिलासपुर, हर्ष-बेमेतरा, तान्या-महासमुंद, प्रेम-दुर्ग

ऐसा कोई दिन नहीं होता था, सुबह मम्मी के बिना उठाए मोनू उठ जाए। लेकिन उस दिन वह सुबह खुद ही जल्दी उठ गया। इतना ही नहीं, उसने अपने सभी काम स्वयं किए। मम्मी को कुछ नहीं करना पड़ा। मम्मी को यह देखकर बड़ा अचरज हुआ कि एकाएक मोनू में यह बदलाव आया कैसे? यह बदलाव सिर्फ एक दिन के लिए था या हमेशा के लिए?



कहानी

नागेश पांडेय 'संजय'

# प्रॉमिस

'उठो बेटा, मोनू। नहीं तो स्कूल के लिए देर हो जाएगी।' रोज ही जब तक यह रटा-रटाया वाक्य आठ-दस बार मोनू के कानों में नहीं पड़ता, उसकी नींद कहां खुलती है। लेकिन आज न जाने क्या हुआ, मोनू खुद ही उठ गया। उठ ही नहीं गया, बिना कहे सुबह के अपने सारे काम भी निपटाए। मोनू ने अपने कमरे की सफाई की, अपनी स्टडी टेबल साफ की, कॉपी-किताबें बुक शेल्फ में करीने से रखी। अपने कपड़े भी वॉर्डरोब में तहाकर रखे। अपने शूज में पॉलिश की। एक दिन पहले स्कूल के टाइमटेबल के हिसाब से बुक्स और कॉपियां भी बस्ते में रखीं ताकि सुबह हड़बड़ी न रहे। मतलब सारे के सारे काम आज उसने खुद किए।

'क्या हो गया है इसे? यह एकदम इतना बदल कैसे गया?' मन ही मन यह सोचते हुए मम्मी ने टेबल पर नाश्ता लगाया। नाश्ते में मोनू की फेवरेट लौकी की पकौड़ी थी। उसने पहली बार इसे मामा के गांव में खाया था और फिर उसका ऐसा स्वाद चढ़ा कि पनीर की पकौड़ियां भूल गया। लेकिन आज हमेशा की तरह मोनू नाश्ते पर टूट नहीं पड़ा। उसने पहले मम्मी के गले में हाथ डाला। उनके माथे को चूमा फिर बोला, 'मम्मी मुंह खोलो, आ करो..।'

'अरे! मैं अभी थोड़े ही खाऊंगी.. तू खा न।' लेकिन मोनू कहां माना। उसने नाश्ते का पहला कौर मम्मी के मुंह में रख ही दिया और उन्हें प्यार से देखने लगा।

मम्मी भौंचक, 'क्या हुआ है तुझे? मैं सपना देख रही हूं क्या!'

'सपना नहीं, सब सच है मम्मी!' पहले मोनू थोड़ा शर्माया फिर बोला, 'मम्मी, आपको पता है न आज कौन-सा डे है?'

मम्मी तुरंत बोलीं, 'संडे है, और क्या, अच्छा अब समझी। आज स्कूल नहीं जाना है, रेस्ट का दिन है। तभी आज खुद सारा काम कर डाला है।'

'नहीं मम्मी, संडे-वंडे की कोई बात नहीं। आज मदर्स-डे है।' मोनू ने चहकते हुए बताया। 'अच्छा.. अच्छा.. अब समझी! कितना अच्छा हो अगर मदर्स-डे रोज हो तो...।' मोनू ने मम्मी की बात पूरी न होने दी। उनके मुंह पर हाथ रखते हुए अनमना-सा बोला, 'ओह मम्मी! अब मुझे चिढ़ाओ नहीं। आगे से मैं अपना सारा काम खुद ही करूंगा। मैंने संकल्प ले लिया है।'

'गुड.. वेरी गुड!' मम्मी की खुशी का ठिकाना न था। तब तक अंदर से पापा आ गए। एकदम बोल उठे, '...और इसके पास आपके लिए एक गिफ्ट भी है। इसने मुझसे...।' वह यह बोलते-बोलते रुक गए, जैसे कोई चूक हो गई हो। चूक तो हुई ही थी। उन्होंने मोनू से प्रॉमिस किया था कि मम्मी को इस बारे में कुछ नहीं बताएंगे।

'ओह पापा! आपने सारा सरप्राइज बेकार कर दिया।' मोनू रूठ सा गया।

'सॉरी.. सॉरी.. बेटा...!' पापा को अहसास हो गया था कि गलती हुई। मोनू संयत हुआ, बोला, 'नहीं पापा.. प्लीज। अब सॉरी नहीं बोलिए। मैं भी तो आपकी और मम्मी की बताई कितनी बातें भूल जाता हूं। मुझसे भी तो गलती होती है। मुझे तो अपनी गलती का अहसास भी नहीं होता, क्योंकि मोबाइल गेम में ऐसा खो जाता हूं कि मुझसे क्या करने को कहा गया था, इसका भी होश नहीं रहता।'

पापा हंसने लगे। मम्मी ने भी भावुक होकर मोनू को गले से लगा लिया। दोनों के मुख से एक ही बात निकली, 'अरे वाह! यह तो बड़ा समझदार हो गया है।'

'और मम्मी यह समझदारी मुझे मिली इस कहानी से।' कहते हुए मोनू ने अपने बस्ते से एक पत्रिका निकाली और झट से पन्ने पलट कर उसमें छपी कहानी 'सरप्राइज गिफ्ट' उन्हें दिखा दी।

मम्मी की खुशी का ठिकाना न था, वह बोलीं, 'अरे वाह! जो बातें हम तुझे न समझा सके। वह एक कहानी ने समझा दी। लाओ, यह पत्रिका मुझे दे दो। मैं भी यह कहानी पढ़ूंगी।' 'मम्मी यही नहीं, आप बाकी कहानियां भी पढ़ना और रोज मुझे एक-एक कर सुनाना। आप खूब कहानियां पढ़ा करें। मुझे सुनाया और समझाया करें। मैं खुद पढ़ता हूं तो बहुत से कठिन शब्दों के अर्थ समझ में नहीं आते और मैं कहानी बीच में ही छोड़ देता हूं।' मोनू एक सांस में यह सब कह गया। पापा जल्दी से कमरे के अंदर जाकर बाहर आते हुए बोले, 'अरे, जब इतना सब हो ही गया है तो फिर मोनू का गिफ्ट भी आपको दिखा ही देते हैं। देखो, यह तस्वीर मोनू ने बनाई है, इसे अपनी ही पॉकेट मनी से फ्रेम कराने के लिए मुझसे कहा था।'

मम्मी ने लपक कर वह तस्वीर पापा के हाथों से ले ली। मोनू ने मम्मी का प्यारा-सा चित्र बनाया था। नीचे लिखा था, 'मेरी प्यारी मम्मी, हैप्पी-मदर्स-डे। अब मैं आगे से आपकी हर बात मानूंगा, प्रॉमिस।'

मम्मी ने तस्वीर को सीने से लगा लिया और आंखों की गीली हो चुकी कोरों को पोंछने लगीं। *

कविता

सूर्यकुमार पांडेय



# मम्मी का गिफ्ट

है मदर्स-डे आने वाला,
मम्मी को क्या दें उपहार!
बहन और भाई मिल बैठे,
दोनों करने लगे विचार।
गुल्लक, पॉकेटमनी मिलाकर,
रुपए जुड़े तीन सौ चार।
इतने में क्या चीज मिलेगी,
महंगा है सारा बाजार।
छोड़ो, सरप्राइज क्या देना,
हुए एकमत और तैयार।
चलो चलें, मम्मी से पूछें,
गिफ्ट उन्हें क्या दें इस बार!
मम्मी सुनकर हंसीं जोर से,
गिफ्ट तुम्हारा रहा उधार।
ओ मेरी आंखों के तारों,
तुम ही हो मेरा उपहार।
यह ही सुंदर गिफ्ट तुम्हारा
अपनी मां से सच्चा प्यार।
पढ़ो, बढ़ो, खुश रहो लाडलो
जग-मग कर दो यह संसार।


## अंतर बताओ

बच्चो, यहां दिए गए एक समान दिखने वाले दो चित्रों में मम्मी अपनी प्यारी बिटिया के पास इस इंतजार में बैठी है कि वह गहरी नींद में सो जाए। इन चित्रों में पांच अंतर हैं। तुम्हें ये सारे अंतर खोजने हैं, तो देर किस बात की, पांच मिनट में फटाफट अंतर खोजो।



## चित्र पूरा करो

बच्चो, यहां मदर्स-डे से रिलेटेड एक अधूरा चित्र और उसके बगल में कुछ कट-आउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कट-आउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : A-4, B-1, C-2, D-3

## खबर संक्षेप

### पुलिस कर्मी लोगों के साथ विनम्रतापूर्वक व्यवहार करें

**गोहाना।** पुलिस उपायुक्त भारती डबास ने कहा कि पुलिस कर्मचारी ईमानदारी एवं निष्ठा से काम करें। वे लोगों के साथ विनम्रतापूर्वक व्यवहार करें। वह गुरुवार को उपमंडलीय परिसर स्थित अपने कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में गोहाना जोन में कार्यरत ईआरवी, ट्रैफिक पुलिस, पीसीआर व राइडर्स स्टाफ को संबोधित कर रही थीं।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों को यूनिफॉर्म वितरित की

**सोनीपत।** रोटरी क्लब सोनीपत आर्डेंट द्वारा विजय हाई स्कूल के जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस भेंट की गई। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन राजेश कटारिया ने कहा कि शिक्षा सबके लिये जरूरी है। इसीलिये प्रयास रहता है कि कोई किसी कमी में शिक्षा से वंचित ना रहे। कार्यक्रम में क्लब के पूर्व अध्यक्ष आशु नागपाल, अभिषेक गुप्ता, जितेन्द्र चावला, शशि कटारिया और शालिनी चावला उपस्थित रही।

### सोनीपत-गन्नौर के बीच साइकिल यात्रा निकाली

**सोनीपत।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर हरियाणा रेडक्रॉस स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ की सब कमेटी के सदस्य प्रेम गौतम ने कुल 47 किलोमीटर दूरी की साइकिल यात्रा निकाली। यह यात्रा प्रातः 6 बजे सोनीपत से गन्नौर के बीच निकाली गई। प्रेम गौतम ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य रेडक्रॉस के कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना और लोगों को मानवता की सेवा से जोड़ना है।

### टीकाराम कन्या कालेज में मनाया रेडक्रॉस-डे

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में रेडक्रॉस डे मनाया गया। रेडक्रॉस की वॉलंटियर्स को राज्यपाल का वीडियो मैसेज दिखाया गया। प्राचार्या गीता ने रेडक्रॉस के फाउंडर सर हेनरी डूनेंट की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके कार्यक्रम की शुरूआत की। डॉ. सुमन मान द्वारा छात्राओ को फर्स्ट एड की ट्रेनिंग दी गई। वाईआरसी काउंसलर डॉ. सविता ने रेडक्रॉस के इतिहास पर व्याख्यान दिया।

### सिंदूर ऑपरेशन से आतंक को करारा जवाबः प्रदीप

**गोहाना।** गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ता गोहाना में राजकीय महिला महाविद्यालय मोड पर स्थित पार्टी वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान के कार्यालय में एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ किए गए ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम का जयघोष किया।

### बच्चों ने प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**गोहाना।** जेएलएन विद्यालय, में गुरुवार को प्री प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों की स्व-परिचय प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में कक्षा पीपी-3 से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा एवं प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने संयुक्त रूप से की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा द्वारा प्रशंसा-पत्र देकर सम्मानित किया।

### सीएमओ कार्यालय तक मार्च कर सौंपा ज्ञापन

# मांगों को लेकर आशा वर्कर्स का प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

**बहादुरगढ़ की एक आशा को आत्महत्या के लिए मजबूर किया जबकि भिवानी की दो पर जानलेवा हमला**

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

सीटू से संबद्ध आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में सिविल सर्जन कार्यालयों के सामने धरना-प्रदर्शन किए गए। इसी कड़ी में सोनीपत में भी सैकड़ों आशा वर्कर्स ने सुबह 10 बजे सिविल सर्जन कार्यालय पर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला प्रधान छवि ने की और संचालन सह सचिव सुमन ने किया। प्रदर्शन का नेतृत्व छवि, सुमन और सीटू के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने किया। प्रदर्शनकारियों ने सीएमओ कार्यालय तक मार्च कर ज्ञापन सौंपा और स्थानीय समस्याओं पर चर्चा की। सीटू नेता आनंद शर्मा, छवि, सुमन, पूनम और सविता मलिक ने संबोधन में कहा कि भिवानी और बहादुरगढ़ में आशा वर्कर्स के साथ एएनएम द्वारा मारपीट व मानसिक प्रताड़ना के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया। छह माह से मानदेय का भुगतान नहीं हुआ है और विभाग बार-बार के प्रदर्शन के बावजूद भुगतान नहीं कर रहा। एएनएम आशा वर्कर्स से जबरन कार्य करवाती हैं और मना करने पर सेल्फ अप्रेज़ल पर हस्ताक्षर नहीं करतीं, जिससे मानसिक व आर्थिक प्रताड़ना होती है। नेताओं ने कहा कि विभाग आशाओं से अनेक कार्य करवाता है, लेकिन इंसेंटिव में कटौती की जाती है और भेदभावपूर्ण व्यवहार होता है। पीएचसी और सीएचसी बदलने के कारण भी आशाओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बहादुरगढ़ की एक आशा को आत्महत्या के लिए मजबूर किया गया, जबकि भिवानी की दो आशाओं पर जानलेवा हमला हुआ है। यूनियन ने दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। धरने को पूनम, सविता, सुमन, पम्मी और आंगनवाड़ी प्रधान सोना देवी ने भी संबोधित किया। सिविल सर्जन ने मानदेय भुगतान में देरी की जांच व कार्रवाई का आश्वासन दिया है। साथ ही यूनियन द्वारा पीएचसी-सीएचसी पुनर्संयोजन का प्रस्ताव देने पर सहमति बनी है।



**सोनीपत।** सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करती आशा वर्कर्स। *फोटो: हरिभूमि*

#### लंबे समय से बकाया भुगतान नहीं

यूनियन ने यह भी आरोप लगाया कि मानदेय की पारदर्शिता नहीं है और लंबे समय से बकाया भुगतान नहीं हुआ है। पंचकूला में 2020 के पत्र के आधार पर हटाई गई आशा को पुनः नियुक्त करने की मांग की गई है। 2023 की हड़ताल के दौरान हुए समझौते के अनुसार ऑनलाइन परफॉर्मेंस ऐप में सुधार कर ऑफलाइन व्यवस्था समाप्त करने की मांग भी दोहराई गई।

# जान्हवी और भूमिका ने बाजी मारी

- छात्राओं को दिया म्यूचुअल फंड सर्टिफिकेशन एग्जाम का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज में वाणिज्य संकाय के तत्वावधान में छात्राओं को म्यूचुअल फंड डिस्ट्रिब्यूटर्ज सर्टिफिकेशन एग्जाम का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान आयोजित म्यूचुअल फंड डिस्ट्रिब्यूटर्ज सर्टिफिकेशन एगजाम में जीवीएम की एमकॉम प्रीवियस की दो छात्राओं जान्हवी व भूमिका ने सफलता प्राप्त की। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने सफल छात्राओं को बधाई दी। जीवीएम के वाणिज्य विभागाध्यक्ष महिमा हुड्डा के नेतृत्व में प्राध्यापिका मीना कालरा के विशेष सहयोग से म्यूचुअल फंड डिस्ट्रिब्यूटर्ज सर्टिफिकेशन एगजाम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसमें बीएसई की स्मार्ट ट्रेनर प्रिया जिंदल ने छात्राओं को म्यूचुअल फंड डिस्ट्रिब्यूटरर्ज सर्टिफिकेशन एगजाम में सफलता हासिल करने का प्रशिक्षण दिया। घोषित परिणामों में जान्हवी व भूमिका ने बाजी मारी, जिन्हें म्यूचुअल फंड डिस्ट्रिब्यूयशन सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। कालेज की प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दोनों सफल छात्राओं का कालेज में अभिनंदन किया।



**सोनीपत।** सफल छात्राओं के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

# हरबंस प्रधान, श्यामसुंदर महासचिव बने

- दीनबंधु छोटूराम विवि में इंप्लाइज वेलफेयर यूनियन का हुआ चुनाव

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विश्वविद्यालय में इंप्लाइज वेलफेयर यूनियन का चुनाव जिला प्रधान देशराज नैन की देखरेख में हुआ। हरबंस लाल को प्रधान, विनोद कुमार को वरिष्ठ उपप्रधान, श्यामसुंदर को महासचिव, विजेंद्र सिंह तथा जसवीर को उपप्रधान, रविंद्र शर्मा तथा राजेश शर्मा को सचिव बनाया गया। वहीं विनीत शर्मा को कैशियर, संजीव कुमार को संगठन सचिव, चांदराम को प्रचार सचिव बनाया गया। आनंद कुमार, अशोक, देवेंद्र सिंह, विशाल, विश्वास को इसी का सदस्य बनाया गया। इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव सुनील दत्त, बिजली बोर्ड से विजेंद्र, राजेंद्र शर्मा, विजेंद्र सिंह, हनुमत, शारदा रानी, नवीन कुमारी, दिनेश कुमार, देवानंद, विशाल कुमार, भुवनेश्वर पासवान आदि कर्मचारी मौजूद रहे।



**सोनीपत।** नवनियुक्त पदाधिकारी शपथ लेते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# कार्यशाला का आयोजन किया

- छात्रों को दी जानकारी डिजीटल युग में कैसे सुरक्षित रहें

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

हिंदू कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, सोनीपत में वीरवार को साइबर अपराध से बचने के उपाय शीर्षक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग के प्रमुख अंकुर कौशिक द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को वर्तमान डिजिटल युग की चुनौतियों के लिए तैयार करना था।

कार्यक्रम में कंप्यूटर साइंस तथा इलेक्ट्रॉनिक्स के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यशाला में पूर्व साइबर पुलिस अधिकारी एवं साइबर सुरक्षा सलाहकार विवेक गौतम ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने व्यावहारिक अनुभव साझा किए। गौतम ने साइबर अपराधों की असल घटनाओं को प्रस्तुत करते बताया कि किस प्रकार डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहा जा सकता है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. नवीन कुमार मलिक ने अपने संदेश में कहा कि आज के डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा का महत्व बढ़ता जा रहा है।



**सोनीपत।** कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए।

# अभिषेक टॉपर, राहुल पाल द्वितीय रहे

- बैचलर ऑफ फार्मेसी छठे सेमेस्टर की परीक्षा परिणाम में चमके पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कामी रोड के विद्यार्थियों ने पंडित बीडी शर्मा यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, रोहतक की ओर से आयोजित बैचलर ऑफ फार्मेसी (बी.फार्मा.) छठे सेमेस्टर की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। यूनिवर्सिटी की तरफ से परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद कैंपस में खुशी की लहर है। पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी के विद्यार्थी अभिषेक मलिक 73.8 फीसदी अंक पाकर अपने कॉलेज में पहले स्थान पर रहे। वहीं राहुल पाल ने 73.4 फीसदी अंक लेकर दूसरा व चिराग ने 72.8 फीसदी पाकर तीसरा स्थान पाया। कैंपस में इन विद्यार्थियों का जोरदार स्वागत किया गया।



**सोनीपत।** पूर्ण मूर्ति कॉलेज ऑफ फार्मेसी के टॉपर विद्यार्थी अभिषेक मलिक, राहुल पाल व चिराग चेयरमैन डा .विजयपाल नैन के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

#### विद्यार्थियों को बधाई दी

पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंधक निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजी. संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डा. स्वीटी, डायरेक्टर ट्रेनिंग नवदीप मेहता, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप, रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू, डीन अकादमिक संदीप कुमार, लॉ कॉलेज के डायरेक्टर डा. टीसी राणा, फार्मेसी कॉलेज की डायरेक्टर डा. सुनीता व प्राध्यापिका सुमिता ने सेमेस्टर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण कल : पाराशर

- ब्राह्मण समाज की प्रेस वार्ता में प्रधान अमित पाराशर बोले

हरिभूमि न्यूज ⏭खरखौदा

ब्राह्मण समाज की प्रेस वार्ता ब्राह्मण चौपाल में हुई। जिसे संबोधित करते हुए प्रधान अमित पाराशर ने बताया कि 10 मई को खरखौदा में भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण किया जाएगा। साथ ही दादी घुघड़ी देवी हाल की आधारशिला भी रखी जाएगी। महासचिव बालकृष्ण पाराशर के अनुसार भविष्य में गरीब एवं मेधावी विद्यार्थियों को कोचिंग देने के लिए कोचिंग सेंटर खोला जाएगा। अश्विनी कौशिक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रस्तावित कार्यक्रम पर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह हवन से होगी, फिर मूर्ति अनावरण और उसके बाद हाल की आधारशिला रखी जाएगी। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री डा.अरविंद शर्मा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली, विधायक पवन खरखौदा, देवेंद्र कादयान, निखिल मदान, मेयर राजीव जैन, प्रदीप सांगवान, मासूम शर्मा, नपा चेयरमैन हीरालाल इंदौरा, जिला परिषद चेयरपर्सन मोनिका दहिया, ब्लाक चेयरमैन सितेंद्र आदि मौजूद रहेंगे।



**खरखौदा।** मीडिया से रूबरू ब्राह्मण समाज के प्रधान व पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

# कर्मचारियों को दिया प्रशिक्षण

- लघु सचिवालय में आयोजित किया गया प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭सोनीपत

आपात स्थिति में अपने आप को सुरक्षित रखने के लिए किन तरीकों का अपनाए इसके प्रति जागरूकता फैलाने के लिए गुरूवार को लघु सचिवालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लघु सचिवालय के कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान होमगार्ड से इंस्पेक्टर गगनदीप सिंह ने बताया कि हम कैसे अपने आप को और दूसरे लोगों को आपात स्थित में बचा सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता करते नगराधीश ने कहा कि कल जो मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया था, उसका यही उद्देश्य था कि हम कैसे आपात स्थित में अपने आप को और दूसरे लोगों को बचा सकते है। इस दौरान हमें किन उपकरणों की जरूरत है इसके बारे में विस्तार से समीक्षा की गई। इस दौरान उपस्थित कर्मचारियों को विडियों के माध्यम से भी प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान रैडक्रॉस सोसायटी से प्रशिक्षण अधिकारी संजय शर्मा ने भी उपस्थित कर्मचारियों को बताया कि ऐसी स्थिति आप चोटिल होने पर अपनी और दूसरे लोगों प्राथमिक चिकित्सा किस प्रकार कर सकते हैं।



**सोनीपत।** लघु सचिवालय में कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

# न्यायधीश ने पिता की बरसी पर बुजुर्गों को करवाया भोजन



**सोनीपत।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश सुभाष सिरोही ने अपने पिता की बरसी पर समाज कल्याण शिक्षा समिति द्वारा चलाए जा रहे वृद्ध आश्रम के सभी बुजुर्गों को एक दिन का खाना खिलाया। वृद्ध आश्रम में सबसे पुराने व सबसे ज्यादा उम्रदराज 101 साल के टेकचन्द को पहली थाली परोसी गई। टेकचंद को 36 साल हो गए आश्रम में रहते हुए। उनके शरीर और सेहत को देखते हुए जज साहब ने संस्था की काफी प्रशंसा की। इस अवसर पर उनकी पत्नी भी सभी बुजुर्गों को खाना व फ्रूट दिए। प्रधान आनंद कुमार ने बताया कि पिछले वर्ष भी जब जज यहां बदली होकर आए थे तब भी उन्होंने अपने पिता की बरसी पर सभी बुजुर्गों के साथ खाना शेयर किया था।

### कार्यशाला में स्कॉलर निःसंकोच भाव से हर सवाल का जवाब जाने : प्रो. सुदेश

# महिला विवि में सात दिवसीय कार्यशाला का आगाज

- कार्यशाला का उद्देश्य गुणात्मक और मात्रात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि), खानपुर कलां के रिसर्च केंद्र व डॉक्टरोल स्टूडियो ओमप्रकाश जिंदल यूनिवर्सिटी, सोनीपत के तत्वाधान में महिला विवि में गुरुवार को सात दिवसीय कार्यशाला का आगाज हो गया है। महिला विवि के शोधार्थियों के लिए अनुसंधान पद्धति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में की मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश रहीं। कार्यक्रम का संयोजन विवि स्वालम्ब केंद्र की निदेशक डॉ. अंशु भारद्वाज व ओपी जिंदल विवि से प्रो. केके पांडेय का रहा। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि एक शोधार्थी के पास अनेकों सवाल होते हैं। कई बार शोधार्थी अपने शिक्षक से सवाल पूछने में घबरा जाते हैं। लेकिन इस तरह की कार्यशाला में स्कॉलर निःसंकोच भाव से अपने हर सवाल का जवाब जान सकते हैं। कार्यशाला एक ऐसा माध्यम है जहां सवाल करने पर कोई आपका आकलन नहीं करता। उन्होंने कहा कि विवि में शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन निरंतर होते रहेंगे।



**गोहाना।** दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते महिला कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य।

#### कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 50 शोधार्थी ले रहे भाग

प्रो. केके पांडेय ने कहा कि रिसर्च में सामाजिक प्रभाव होना जरूरी है। डॉ. अंशु भारद्वाज ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य गुणात्मक और मात्रात्मक अनुसंधान को बढ़ावा देना है। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 50 शोधार्थी भाग ले रहे है। इस कार्यक्रम के निदेशक विवि रिसर्च निदेशक प्रो. विजय नेहरा हैं। इस अवसर पर डॉ. शांतनु त्रिवेदी व प्रो. रवि भूषण, स्टूडेंट को-ऑर्डिनेटर प्रबंधन विभाग की शोधार्थी प्राची, रिम्पी और शोधार्थी अमीषा मौजूद रहे।

SBI
RAILWAY ROAD BRANCH, SONEPAT
(BRANCH CODE NO.31593)
PH NO.0130-2241174, 2249938
Email: sbi.31593@sbi.co.in
Date: 05.05.2025
TO WHOM IT MAY CONCERN

We, State Bank of India, hereby inform that Sh. Ramesh Chander Dahiya S/o Sh. Rai Singh S/o Singh Ram, had mortgaged the Residential immovable property bearing plot of land measuring 233 sq yards, vide sale deed no 6141 dated 26.02.1988 , 35 feet from west to north and 50 feet from south to west, Vikas Nagar, Sonipat Haryana for the Home Loan availed in the name of Sh. Ramesh Chander Dahiya S/o Sh. Rai Singh from our Railway Road Branch, Sonipat (Br Code: 31593) (Erstwhile State Bank of Bikaner & Jaipur). As the borrower has closed the said loan and property documents of the said property were not traceable in the office, lost property complaints have been filed vide application no. 132390152500273 dated 27.02.2025 by our empaneled advocate Sh. Rajinder Malik, as directed by bank. The details of documents are as follows:
1. Original Sale Deed No. 6141 dtd 26.02.1988 in favor of Sh. Ramesh Chander Dahiya in additional book no. 1, Volume No. 529, page no 80 dtd 26.02.1988 in the office of Sub-Registrar, Sonipat, Haryana.

The property stated above is free from any encumbrances from our bank's charge as on date and no lien/charge persists in part/full. This publication and information is for the general public as per bank's norms and procedures.

Chief Manager
Railway Road, Sonipat (Branch Code: 31593)

## खबर संक्षेप



सोनीपत। पदक विजेता खिलाड़ी अपने पदक दिखाते हुए।

### स्कूल नेशनल गेम्स में दो बॉक्सरों ने जीते स्वर्ण

**सोनीपत।** दिल्ली के विनोद नगर में 30 अप्रैल से 5 मई तक 68वीं स्कूल नेशनल गेम्स का आयोजन किया गया। जिसमें लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के जतिन सिंगरोहा व रौनक छिक्कारा ने स्वर्ण पदक जीते। बॉक्सिंग कोच रोहतास कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों से 500 बॉक्सरों से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें 56 किलो भारवर्ग में खेलते हुए जतिन सिंगरोहा ने अपने फाइनल मुकाबले में हिमाचल के वरुण शर्मा को हराकर स्वर्ण पदक व 75 किलो वर्ग में खेलते हुए रौनक छिक्कारा ने अपने फ़ाइनल मुक़ाबले में पंजाब के सुदीप सिंह को हराकर स्वर्ण पदक जीतकर एकेडमी का नाम रोशन किया। पटना में 10 मई से 14 मई तक खेलों इंडिया यूथ गेम्स में लिटल एंजल्स बॉक्सिंग एकेडमी के 4 बॉक्सर भी भाग लेंगे। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व प्रधानाचार्या आशा गोयल ने जतिन सिंगरोहा व रौनक छिक्कारा को बधाई दी।

### सुरेंद्र को अध्यक्ष, अशोक को उपाध्यक्ष बनाया

**सोनीपत।** अध्यक्षीय मंडल श्री विश्वकर्मा पांचाल महासभा हरियाणा की कार्यकारिणी की बैठक संरक्षक रामेहर उर्फ रेहतु नंबरदार रेवली सोनीपत की अध्यक्षता में उनके निवास पर बैठक की गई। जिसमें उन्होंने सुरेंद्र कुमार बाल्यान मयूर विहार सोनीपत को जिला अध्यक्ष सोनीपत व अशोक कुमार पांचाल सोनीपत को उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इसके अतिरिक्त 6 अप्रैल को वार्षिक आम बैठक में प्रोफेसर हितेश भादा जींद को अध्यक्ष जिला जींद, बलवान सिंह पांचाल झज्जर को अध्यक्ष जिला झज्जर व प्रवीण पांचाल भिवानी को जिला अध्यक्ष भिवानी घोषित किया गया था। इस अवसर पर राष्ट्रीय संयोजक कैप्टन गंगाराम पांचाल, प्रदेश अध्यक्ष चंद्र सिंह पांचाल रोहतक, प्रदेश महासचिव राजबीर सिंह डांगी झज्जर, प्रदेश उपाध्यक्ष रोहतास धतूरी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर कृष्ण कुमार पांचाल सोनीपत मौजूद रहे।

# डेढ़ साल बाद छात्रों, शिक्षकों व कर्मचारियों को मिली लिफ्ट

**डीक्रूटा का आरोप, सड़क पानी है नहीं लिफ्ट ठीक करवाने पर खर्चे 15 लाख**

■ छात्रों के स्मार्ट क्लास रुम के एसी काफी समय से खराब पड़े हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल की टीचिंग एसोसिएशन डीक्रूटा ने कहा कि छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों का संघर्ष आखिरकार 2 साल के बाद लिफ्ट की बत्तियां जल गई हैं। डीक्रूटा ने आरोप लगाया है कि छात्रों व कर्मचारियों को सड़क, पीने योग्य पानी व कक्षाओं में मूलभूत सुविधाओं का इंतजार है। डीक्रूटा ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय प्रशासन को स्वयं के लिए फाइव स्टार सुविधाएं चाहिएं। जबकि छात्रों को कक्षाओं में मूलभूत सुविधाओं का टोटा।

डीक्रूटा ने कहा कि छात्रों, कर्मचारियों और शिक्षकों द्वारा लगातार 1.5 वर्ष से विवि प्रशासन से लिफ्ट स्टार्ट करने की मांग की जा रही थी,ताकि महिलाओं और दिव्यांग छात्रों व बीमार कर्मचारियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। आखिरकार 1.5 वर्ष के बाद लिफ्ट की लाल बत्ती जल गई। डीक्रूटा ने कहा कि विभिन्न ब्लोकों की लिफ्टों को ठीक कराने में लगभग 15 लाख रुपए का खर्च आया है। डीक्रूटा ने उम्मीद जताई है कि विश्वविद्यालय प्रशासन सुचारु रुप से लिफ्ट को चलाए, ताकि दिव्यांग व महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधाओं का सामना भविष्य में दोबारा न करना पड़े।


सोनीपत। विवि में मरम्मत के बाद शुरू हुई लिफ्ट। फोटो : हरिभूमि

#### प्रशासन को अपने लिए फाइव स्टार सुविधाएं चाहिए

डीक्रूटा ने आरोप लगाया है कि विश्वविद्यालय प्रशासन को अपने लिए तो फाइव स्टार की सुविधाएं चाहिए। विश्वविद्यालय में छात्रों के स्मार्ट क्लास रुम के एसी काफी समय से खराब पड़े हैं। बार बार गुहार लगाने के बाद भी कोई कारवाई नहीं की जा रही है। क्लास रूम में प्रॉपर वेंटिलेशन न होने के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है

#### सुविधाओं का इंतजार

डीक्रूटा ने कहा कि छात्रों व कर्मचारियों को सड़क,पीने योग्य पानी व क्लास रुम में मूलभुत सुविधाओं का अभी भी इंतजार है। वहीं यूनिवर्सिटी की सड़कें टूटी हुई हैं और खस्ता हालत में है। यूनिवर्सिटी की टीचिंग व नॉन टीचिंग यूनियन व छात्रों ने अनेक बार गुहार लगा ली, यूनिवर्सिटी प्रशासन अभी सोया हुआ है।

## मरम्मत के बाद शुरू करवाई लिफ्ट कुलपति-रजिस्ट्रार ने किया निरीक्षण


सोनीपत। लिफ्ट का निरीक्षण कुलपति, रजिस्ट्रार एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि जब विश्वविद्यालय में एक अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर होगा तो विद्यार्थियों का स्वत पढाई में मन लगेगा, इसी कारण विश्वविद्यालय प्रशासन का प्रयास रहता है कि कैंपस में अधिक से अधिक सुविधाएं विद्यार्थियों को मिल सके। कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि आज विश्वविद्यालय की सभी लिफ्टों को पूर्ण रूप से चालू करा दिया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रयास से लिफ्ट्स की मूल कंपनी इनकी मरम्मत करने व एएमसी करने को राजी की गई। वह यह कार्य निष्पादित करने में विश्वविद्यालय प्रशासन व कंपनी के सांझे प्रयास से यह मरम्मत का कार्य पूर्ण किया।

साथ ही एएमसी भी की गई व यह सुविधा आज विश्वविद्यालय के शिक्षकों, स्टाफ एवं विद्यार्थियों को समर्पित कर दी गई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एसपी सिंह व रजिस्ट्रार प्रो. अजय गर्ग ने लिफ्टों का निरीक्षण किया व लिफ्टस को सुचारू रूप से चालू करवा दिया गया।


राई। स्कूल के निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल छात्रों को संबोधित करते हुए।

## आपरेशन सिंदूर के सफल व स्टीक होने के बारे में जागरूक

■ बहालगढ़ हनी मार्डन स्कूल के निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल ने किया संबोधित

**राई।** हनी मार्डन स्कूल बहालगढ़ में स्कूल के निदेशक मास्टर सतनारायण आंतिल ने छात्रों को आप्रेशन सिंदूर के सफल व स्टीक होने के बारे में छात्रों को जागरूक किया। निदेशक आंतिल ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ढांचों को निशाना बनाकर की गई भारतीय सशस्त्र बलों की एयरस्ट्राइक की सराहना की है और कहा है कि राष्ट्रीय हित सर्वोपरि है। आंतिल ने कहा कि हमारे पीएम नरेंद्र मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए तीनों सेनाओं की तारीफ की हैं। हमले के बाद पूरा देश पीएम की ओर देख रहा था। भारतीय सेना की कार्रवाई को देखकर वहीं पाकिस्तान ने भी अपने घड़ियाली आंसू बहाने शुरू कर दिए हैं। हमें अपनी भारतीय सशस्त्र सेनाओं पर बेहद गर्व है जिन्होंने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी कैंपों पर हमला किया है। भारतीय सेना का साहस हर नागरिक को गर्व है। स्कूल के शिक्षकों ने भारतीय सेना की सराहना करते हुए छात्रों को संबोधित किया।

## शिविर में 80 यूनिट रक्त एकत्रित



**खरखौदा।** देश की मिट्टी का कर्ज चुकाने और पाकिस्तान के विनाश के लिए खरखौदा के केशव अस्पताल में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। आयोजक एवं जिला पार्षद मनजीत भोला के अनुसार इस दौरान 80 युनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस अवसर पर धर्मेंद्र दहिया, हरविंद्र दहिया, विशाल नैन, सुमित डांगी, विनोद खांडा, नगरपालिका चेयरमैन हीरालाल इंदौरा, बिजेंद्र, सुधीर स्वामी, नीरज गुप्ता व अन्य समाजसेवी मौजूद रहे।


खरखौदा। सागर बाल्यान को सम्मानित करते हुए स्कूल प्रबंधन।

## सागर बाल्यान का खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए हुआ चयन

**खरखौदा।** पटना में 12 से 14 मई तक आयोजित होने जा रहे खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए प्रताप स्कूल के होनहार खिलाड़ी सागर बाल्यान का चयन हुआ है। सागर ने हाल ही में आयोजित सीबीएसई नेशनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में 200 मीटर दौड़ में रजत जीतकर प्रतियोगिता में जगह सुनिश्चित की। प्रताप स्कूल में सागर बाल्यान का स्वागत किया गया। द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ओमप्रकाश दहिया, संस्थापक सतप्रकाश नम्बरदार, स्कूल की प्राचार्या दया दहिया, शैक्षणिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया तथा कोच उत्तम तोमर ने सागर बाल्याण को शुभकामनाएँ दीं और आगामी प्रतियोगिता में पदक जीतने का विश्वास जताया। द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता ओम प्रकाश दहिया ने बताया कि सागर इससे पहले भी कई बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर हरियाणा और स्कूल का नाम रोशन कर चुका है। कोच उत्तम तोमर ने बताया कि प्रताप विद्यालय के एथलेटिक्स के खिलाड़ी अब तक 5 इंटरनेशनल मैडल व 36 नेशनल मैडल जीतकर नाम रोशन कर चुके हैं।

## हिंदी वर्तनी कौशल में स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई

खेवड़ा स्थित जीडी गोयंका इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी वर्तनी कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत कक्षा तीसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रथम व अंतिम चरण कक्षा में ही आयोजित की गई।

कई चरणों के उपरांत प्रत्येक कक्षा के छात्रों ने मुश्किल सवालों से लेकर परिभाषा तक बहुत अच्छे ढंग से प्रस्तुत की। कठिन सवालों के जवाब देते हुए कक्षा चौथी से तूषिका, कशिश ने और कक्षा आठवीं से आरव अंतिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा पांचवी से चैतन्य और कक्षा छठी से ईनाया रेहान ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीसरी से लारण्या और कक्षा सातवीं से तेजस्वी गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रबंधक योगेश जिंदल, प्रधानाचार्या नीरा मुद्गल और उप प्रधानाचार्या निधि जैन ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में प्रतिस्पर्धा व शुद्ध वर्तनी लिखने का विकास होता है।



राई। प्रतिभागी विजेता छात्रों के साथ स्कूल शिक्षका।

## डीएलएसए के प्रयासों से चार साल बाद परिवार से मिला मानसिक दिव्यांग बच्चा

**सोनीपत।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) के सचिव प्रचेता सिंह ने जानकारी दी कि डीएलएसए और जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. रितु गिल के प्रयासों से एक मानसिक दिव्यांग बच्चा चार वर्षों बाद अपने परिजनों से मिल सका। प्रचेता सिंह ने बताया कि डॉ. रितु गिल जब दिव्यांग सेवा समिति, गोहाना के बच्चों को आधार कार्ड और फैमिली आईडी बनवाने के लिए आधार केंद्र पर लेकर गई, तो उनमें अंकित नाम का एक बच्चा भी शामिल था। फिंगरप्रिंट स्कैन करने पर पता चला कि उसका आधार कार्ड पहले से ही 2021 में बन चुका है। जब आधार कार्ड में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया तो पता चला कि यह बच्चा कोरोना काल (2021) के दौरान लापता हो गया था। मूल रूप से उत्तर प्रदेश निवासी यह परिवार वर्तमान में गन्नौर में रह रहा है। डीएलएसए सचिव द्वारा विधिवत प्रक्रिया के तहत परिजनों को बुलाकर उन्हें बच्चे को सुपुर्द कर दिया गया। परिजनों ने इस मानवीय पहल के लिए डीएलएसए का आभार प्रकट किया।



सोनीपत। परिवार के साथ बच्चा जोकि कोरोना काल में गुम हो गया था।

### आपसी झगड़े डीएलएसए सुलझाएगी

गांवों में होने वाले आपसी झगड़ों को सुलझाने के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण (डीएलएसए) ने एक और पहल शुरू की है। अब गांवों में सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम के तहत सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र खोले जाएंगे। जिसकी शुरुआत महलाना से की जा रही है। अब लोगों को अदालत या पुलिस थाने जाने की आवश्यकता नहीं होगी। सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम के तहत अब विवाद गांव में ही बातचीत से सुलझेंगे। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोनीपत ने सामाजिक सहभागिता के आधार पर महलाना में ऐसे 9 मध्यस्थों की सूची जारी की है, जिन्हें समुदाय की ओर से नामित किया गया है। गांव के सम्मानित, अनुभवी और निष्पक्ष नागरिकों को मध्यस्थ टीम में शामिल किया गया है। यह टीम आपसी विवादों को अदालत के बाहर सुलझाने में मदद करेगी। नामित किए ग्रामीणों में कुलदीप सिंह, सुनीता देवी, जगदीप बाल्याण, ओमप्रकाश रंगा, महाबीर सिंह बुधवार, सतपाल, राजबीर, राजबीर सिंह आर्य और राम सिंह त्यागी शामिल हैं।

### पंडित लख्मीचंद सामाजिक सम्मान योजना लागू

**सोनीपत।** हरियाणा सरकार ने प्रदेश में 'पंडित लख्मीचंद कलाकार सामाजिक सम्मान' नामक एक नई योजना लागू करने का निर्णय लिया है। इस योजना का उद्देश्य वरिष्ठ कलाकारों और लोक विधाओं के कलाकारों की वित्तीय और सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार करना है। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि जिन कलाकारों ने अपने जीवन में सक्रिय रूप से कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है या जो अभी भी इस क्षेत्र में योगदान दे रहे हैं, लेकिन वृद्धावस्था के कारण अब सक्रिय रूप से अपनी कला का अभ्यास नहीं कर रहे हैं, उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि कोई भी कलाकार जिन्होंने कम से कम 20 साल तक कला के क्षेत्र में अपना योगदान दिया है, वे इस योजना के लिए पात्र होंगे।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## शिविर में किया योग, आसन और प्राणायाम का अभ्यास

**खरखौदा।** सूर्या फाउंडेशन आदर्श गांव योजना द्वारा सूर्या साधना स्थली झिंझोली में चलाए जा रहे ग्रामीण व्यक्तित्व विकास शिविर के पांचवे दिन निर्वाण योग धाम दिल्ली से योग गुरु पंडित तन्मय महाराज द्वारा शिविरार्थियों को योग, आसन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। बच्चों को योग के लाभ और करने की विधि अत्यंत सरल शब्दों में बताए गए। उन्होंने कहा कि योगः कर्मसु कौशलम। साथ ही किस प्रकार विद्यार्थी अपने स्मरण शक्ति को बढ़ा सकते है, के बारे में जानकारी दी। साथ ही पंचतंत्र की कहानी के माध्यम से प्रो. हर चरण लाल शर्मा (गुरु) द्वारा बच्चों को नैतिक शिक्षा की गुणवत्ता को उन्नत किया गया। इसके साथ-साथ गौतम नायक के द्वारा स्वस्थ जीवन जीने की कला के बारे में और पौधारोपण, जैविक कृषि की महत्व के विषय में जानकारी दी। साथ ही जीवन में मोबाईल के दुष्परिणाम और लाभ की जानकारी नील और भारत द्वारा योग के महत्व पर प्रोफेसर राम मूर्ति की कहानी के माध्यम से दी गई। उक्त जानकारी शिविर प्रमुख शत्रुहन लाल कश्यप ने दी।

## गन्नौर: स्कूल में एथलेटिक्स दिवस पर छात्रों ने दिखाई ऊर्जा



**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में एथलेटिक्स दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर बाल वाटिका 1 से कक्षा 12 तक के छात्रों ने विभिन्न दौड़ प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एक शानदार नृत्य प्रदर्शन से हुआ, जिसमें छात्रों ने योग मुद्राओं का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके बाद आयोजित दौड़ प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी गति और ऊर्जा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को प्राचार्य जय भारत गुप्ता ने सम्मानित किया। ऐसे कार्यक्रम न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं बल्कि खेल भावना भी सिखाते हैं।

## गन्नौर: अंडर ग्राउंड जर्जर हो चुकी स्ट्रीट लाइटों के केबल बदलने का काम शुरू

**गन्नौर।** रेलवे रोड पर देवीलाल चौक से जी टी रोड तक लगी स्ट्रीट लाइट की पुरानी अंडर ग्राउंड केबल तार बदलने का काम शुरू हो गया है। तार के बदले जाने के बाद से स्ट्रीट लाइट की रोशनी में सुधार होगा, साथ ही बिजली की खपत भी कम होगी। बिजली कार्य के ठेकेदार राजबीर ने बताया कि पहले खराब केबल को हटाकर नई केबल को अंडर ग्राउंड दबाया जा रहा है। नगरपालिका के जेई अरविन्द ने बताया कि केवल बदलने का काम सड़कों और फुटपाथों पर स्ट्रीट लाइट की रोशनी को बेहतर बनाने के लिए किया जा रहा है। पुरानी और खराब केबलों से स्ट्रीट लाइट की रोशनी में कमी के साथ बिजली की बर्बादी व सुरक्षा की दृष्टि से करंट लगने का खतरा बढ़ रहा था। इन समस्याओं से बचने के लिए स्ट्रीट लाइट की केबलों को समय-समय पर बदलने की जरूरत होती है।



### फूटपाथ को करवाया जाएगा पक्का : जेई

नगरपालिका के जेई ने बताया कि केवल दबाने के बाद फूटपाथ को पक्का करवाया जाएगा। ताकि फूटपाथ के साथ दबाई जा रही बिजली की केवल तार की सुरक्षा हो और फुटपाथ का भी सौन्दर्यकरण बढ़े।

### मिशन बुनियाद: पांच ने परीक्षा पास की

**गोहाना।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मिशन बुनियाद के तीसरे चरण की परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। गढ़ी सराय नामदार खां गांव स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय के पांच मेधावी लक्ष्मी, मीनाक्षी, प्रवेश, नैतिक और ऑरव ने यह परीक्षा उतीर्ण की। पांचों विद्यार्थियों को विद्यालय के शिक्षकों ने सम्मानित करके उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।विद्यालय के मुख्याध्यापक रविंद्र मलिक ने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत व लक्ष्य के साथ आगे बढने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में लक्ष्य बड़ा रखें और उसे प्राप्त करने के लिए मेहनत करें। कार्यक्रम में डीपीई लक्ष्मण, सतीश, कपिल शर्मा, अनिल, मनीषा और सुनील लाठर ने पांचों विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया।

**नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट निकालेगा पदयात्रा, युवाओं को दिलाएगा प्रण**

# 18 को शहर में निकालेंगे पदयात्रा, नशे के खिलाफ करेंगे जागरूक

■ अब नशे पर करेंगे प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के लिए नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे ट्रस्ट की ओर से 18 मई को शहरभर में पदयात्रा निकाली जाएगी। नशा मुक्त युवा खेलोगे तो खिलोगे सशक्त भारत पदयात्रा की शुरुआत सुभाष चौक से की जाएगी। पदयात्रा का उद्देश्य देशभर के युवाओं को नशे से बचाकर उन्हें जागरूक कर खेलों की ओर ले जाना है। अभियान की शुरुआत ट्रस्ट सोनीपत से करने जा रहा है। रेलवे रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पदयात्रा को लेकर स्वामी अनभुतानंद महाराज के सानिध्य में ट्रस्ट के पदाधिकारी डॉ. संदीप डांगी, अधिवक्ता तरुण राठी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि यह यात्रा नशे पर समाज के साथ संवाद का एक माध्यम होगी। ट्रस्ट 5 वर्ष से देशभर में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने का कार्य कर रहा है।


सोनीपत। पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए स्वामी अनभुतानंद महाराज, डॉ. संदीप डांगी एवं अधिवक्ता तरुण राठी। फोटो : हरिभूमि

### ऑपरेशन सिंदूर को सराहा

डॉ. संदीप डांगी व अधिवक्ता तरुण राठी ने बताया कि पदयात्रा सुभाष चौक से चलकर नशे न करने का संदेश देते हुए गीता भवन चौक, गोहाना फ्लाईओवर, छोटूराम चौक से होती हुई लघु सचिवालय पहुंचेगी। यहां ट्रस्ट से जुड़े युवा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगे। इसके बाद 19 व 20 मई को ग्रामीण आंचल के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों व महाविद्यालयों में जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। अगले चरण में जागरूकता अभियान रोहतक में चलाया जाएगा। इसके लिए जल्द ही तिथि निर्धारित की जाएगी। अधिवक्ता तरुण राठी ने बताया कि अगर भारत-पाकिस्तान विवाद के चलते स्थिति तनावपूर्ण होती है तो प्रशासन से संपर्क कर पदयात्रा की तिथि में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने सरकार व सेना की ओर से ऑपरेशन सिंदूर चलाकर की गई कार्रवाई को भी सराहा।

### तीन दिवसीय कार्यक्रम

अब तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रारूप के अनुसार 18 मई को सुभाष चौक से लघु सचिवालय तक पदयात्रा निकाल युवाओं को नशे से दूर रहने का प्रण दिलाया जाएगा। युवाओं के कंधों पर ही देश का भविष्य टिका हुआ है, लेकिन युवा नशे की ओर बढ़कर अपने लक्ष्य से भटक रहा है। हम नशे के खिलाफ आवाज उठाने की शुरुआत घर से करेंगे तो प्रदेश व देशभर में इस आवाज को बुलंद किया जाएगा।